FORM No. III

APP-A
Crim-I

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ....उपखण्ड अधिकारी........मुकाम........कोटा........
........देशराज........बनाम........सरकार........
किस्म मुकदमा........136........नं. ....10........सन्........2026........

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत रानपुर में प्रार्थी देशराज की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम धर्मपुरा पटवार हल्का धर्मपुरा में स्थित भूमि खाता संख्या 1221 में प्रार्थी का नाम देशराज पुत्र शिवराज दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम शिवराम दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी के पिता का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रार्थी का नाम देशराज पुत्र शिवराज का राजस्व रिकॉर्ड में नाम देशराज पुत्र शिवराज उर्फ शिवराम किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम धर्मपुरा की जमाबंदी खाता संख्या 1221 में प्रार्थी का नाम देशराज पुत्र शिवराज के स्थान पर देशराज पुत्र शिवराज उर्फ शिवराम दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ....2/1/26........ को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	